कार्यालय , प्राचार्य, शासकीय स्नातकोतर महाविद्यालय (स्वशासी); दतिया (म. प्र.)- 475 661

क्रमांक ..............

दिनांक -19/05/2021

अध्ययन मण्डल बैठक

विभाग- समाजशास्त्र

बैठक दिनांक:-19/05/2021

कार्यवृत

आज दिनांक 19/05/2021 को "समाजशास्त्र विभाग के अध्ययन मण्डल" की बैठक कोविड-19 गाइड लाइन को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन सम्पन्न हुई । बैठक 'गूगल मीट प्लेट फॉर्म' पर सम्पन्न हुई । इस बैठक का स्क्रीन-शॉट इस कार्यवृत पृष्ठ के साथ संलग्न है । इस बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय पारित किए गए :-

1. स्नातक स्तर पर उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन द्वारा गठित केंद्रीय अध्ययन मण्डल के द्वारा स्वीकृत / अनुमोदित पाठ्यक्रम को सत्र-2020-2021 के लिए मान्य किया जाता है ।

2. स्नातकोतर स्तर पर संबन्धित विश्वविद्यालय के अध्ययन मण्डल द्वारा /उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन द्वारा गठित केंद्रीय अध्ययन मण्डल के द्वारा स्वीकृत / अनुमोदित पाठ्यक्रम को सत्र-2020-2021 के लिए मान्य किया जाता है ।

3. स्नातक स्तर पर वर्ष / कक्षा वार निम्नलिखित विषय / प्रश्न पत्र होंगे । इन का नामकरण इस प्रकार से हैं:-

बी. ए. प्रथम वर्ष-

1. समाजशास्त्र की प्राथमिक अवधारणाएँ (Basic concept of sociology)
2. भारतीय समाज (Indian society)

बी. ए. द्वितीय वर्ष-

1. सामाजिक प्रक्रियाएं एवं परिवर्तन (Social processes and change)
2. ग्रामीण,नगरीय एवं जनजातीय समाज (Rural, Urban and Tribal Society)

बी. ए. तृतीय वर्ष-

1. समाजशास्त्रीय विचारक (Sociological thinkers)
2. सामाजिक अनुसंधान विधि (Methods of social Research)

4. स्नातकोतर स्तर पर वर्ष/ कक्षा वार निम्न लिखित प्रश्न पत्र होंगे । इन का नामकरण इस प्रकार से है :-

(लागू नहीं)

5. स्नातक एवं स्नातकोतर स्तर अंतिम वर्ष के छत्रों के लिए विश्वविद्यालय के अध्ययन मण्डल द्वारा / उच्च शिक्षा विभाग म. प्र. शासन द्वारा अनुमोदित परियोजना कार्य भी करवाया जाएगा और इसे ऑनलाइन ही करवाने का प्रयास किया जाएगा।

6. सत्र में उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन / संबन्धित विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में प्राप्त निर्देशों का पालन किया जाएगा ।

7. बिन्दु क्रमांक 5 में वर्णित निर्देशों को मान्य करने / परीक्षकों की सूची बनाकर अनुमोदित कर स्वशासी विभाग को उपलब्ध करवाने के कार्य सम्पन्न करने के समस्त अधिकार यह मण्डल सर्व सम्मति से अध्ययन मण्डल के अध्यक्ष / विभाग अध्यक्ष को सौंपता है ।


8. छात्र हित में सत्र भर में शैक्षणिक गतिविधियों को सम्पन्न करवाने हेतु यह निर्णय लिया जाता है कि कोविड-19 गाइड लाइन को दृष्टि गत रखते हुए व्याख्यान / व्याख्यान माला / सेमिनार/ प्रश्न मंच आदि का आयोजन विभाग द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा एवं इन का प्रतिवेदन संधारित किया जाकर एक-एक प्रति IQAC प्रकोष्ठ में दी जा सकती है ।

9. समाजशास्त्र अध्ययन मंडल के अन्य सुझाव:-


1. दतिया जिले में निवासरत जनजातीय और घुमन्तु या विमुक्त समुदायों के टोलों और डेरों का भ्रमण, सर्वेक्षण विद्यार्थियों द्वारा करवाया जाये।
2. ग्रामीण समाजिक संरचना को समझने के लिये गाँव का फील्ड विजिट और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण, विद्यार्थियों से कराया जाये।
3. विद्यार्थियों को स्थानीय औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कराया जाए।
4. महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु सेमिनार, वेबिनार का आयोजन कराया जाये।


बैठक में उपस्थिति इस प्रकार रही :-


| नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|
| 1. प्रो. वासुदेव सिंह जादौन (अध्यक्ष) | [signature] |
| 2. डॉ.आर के.अदालतवाले (सदस्य) | [signature] |
| 3. डॉ.अवधराज सिंह तौमर (सदस्य) | [signature] |
| 4. डॉ.अरुण कुमार उपाध्याय (सदस्य) | [signature] |
| 5. डॉ. संजय सिंह चौहान (सदस्य) | [signature] |


12:36 PM
tzb-fvht-ire
Vasudev Singh Jadon


tzb-fvht-ire
Ravikant Adalatwale


12:35 PM
4G
69
tzb-fvht-ire
Svrs College


tzb-fvht-ire
ARUN UPADHYAY


tzb-fvht-ire
sanjay singh
asudev Si...